निर्भर करती हैं और इसमें समय-समय पर उतार-चढ़ाव होता रहता है। सेल केवल इस्पात मदों की सीमित मात्रा का ही निर्यात करती है और इनको उस समय अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में मौजूदा कीमत पर बेचा जाता है। 1990-91 के दौरान 'सेल' ने 316.5 अमरीकन डालर प्रति टन से लेकर 353 अमरीकन डालर प्रति टन की कीमत (पोत पर्यन्त निशुल्क) पर मृदु इस्पात प्लेटों का निर्यात किया। इसी प्रकार वर्ष 1990-91 के दौरान 1900 अमरीकन डालर से लेकर 2250 अमरीकन डालर पोत पर्यन्त निशुल्क कीमत पर बंदाग इस्पात चारदरीक्वायलों का निर्यात किया गया।

(ङ) इस्पात संयंत्रों की दक्षता और उत्पादन स्तर में वृद्धि करने के लिए सेल द्वारा सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। उठाए जा रहे कदमों में शामिल हैं; संयंत्रों का आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकीय उन्नयन, उन्नत तकनीकी-आर्थिक कार्य जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो, प्रॉडक्ट-मिक्स में विविधिकरण, पुनः प्रशिक्षण और पुनः तनाती सहित श्रमशक्ति का युक्तिकरण तथा अन्य खर्चों सहित ऊर्जा खपत और पेट्रो-इंधन में कमी करना।

सोने का खनन कार्य

863. **श्री रणजीत सिंह :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या खानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश की विभिन्न खानों में सोने का खनन किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो किन-किन संस्थाओं के अन्तर्गत और कब से सोने के खनन का काम किया जा रहा है;

(ग) क्या यह भी सच है कि कई वर्षों से इन खानों से स्वर्ण के उत्पादन में निरंतर गिरावट आ रही है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने सोने के खनन की वर्तमान प्रणाली में सुधार लाने तथा इस कमी को पूरा करने के उद्देश्य से सोने की अन्य खानों का पता लगाने के लिए कोई प्रयास किए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री बलराम सिंह यादव) (क) और (ख) देश में स्वर्ण खनन की दो प्रमुख कंपनियां भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड और हट्टी गोल्ड माइन्स कंपनी लिमिटेड हैं, जो क्रमशः 1880 और 1948 से स्वर्ण खनन कर रही हैं

(ग) भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड की कोलार स्वर्ण क्षेत्र की खानों स्वर्ण उत्पादन निरन्तर घ रहा है।

(घ) जी हां।

(ङ) भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड की वर्तमान खानों में आधुनिक खनन विधियां अपनाकर इष्टतम स्तर तक खनन किया जा रहा है। कंपनी कुछ उथले स्वर्ण निक्षेपों का भी गवेषण कर रही है।

देश में स्वर्ण की खोज के लिये भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा आरंभिक सर्वेक्षण आरंभ किये गये हैं। खनिज गवेषण निगम व्यापक गवेषण करता है तथा निक्षेपों से स्वर्ण खनन की साध्यता की सिफारिश करता है। इन दोनों संगठनों के गवेषण-गत क्षेत्रों का ब्यौरा विवरण में दिया गया है।

विवरण

देश में स्वर्ण खनन के लिये भारतीय भूसर्वे और खनिज गवेषण निगम द्वारा शुरू गवेषण के क्षेत्र इस प्रकार हैं :–

(क) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

आंध्र प्रदेश

कोट्टापल्ली ब्लाक, पेनुकोंडा ब्लाक, पेनकचेरलाकुंदेरु ब्लाक, बिसनाथम व संलग्न क्षेत्र, कोलार सिस्ट पट्टी का दक्षिणी विस्तार।

कर्नाटक

हट्टी-मस्की सिस्ट पट्टी में (टप्पाधुर, सनवाल, उदवाल ब्लाक), कबुलियतकट्टी नार्थ ब्लाक, गदाग गोल्ड फील्ड का संकदोदक ब्लाक, अज्जनहल्ली क्षेत्र, कैम्पिनकोट पुराना खान ब्लाक, गोलारहल्ली व समीप के क्षेत्र, जी. आर. हल्ली, सी. के. हल्ली क्षेत्र, चिन्नलगंड, हीरापुर तालुक, तथा इगालढांलु के पश्चिम और उत्तर, चित्रदुर्ग सिस्ट पट्टी।

उत्तर प्रदेश

सिद्धि-सुरदा, उत्तर प्रदेश

केरल

कपिल-मनकडा निक्षेप, नीलाम्बर-मनेरी क्षेत्र मल्लापुरम जिला

महाराष्ट्र

पुजर-पसोरी क्षेत्र, नागपुर जिला

मध्य प्रदेश

कनसोबेल-पाड्रिपनी क्षेत्र, रायगढ़ जिला

ओडिसा

मयूरभंज जिला

भारतीय भूसर्वेक्षण आरंभिक सर्वेक्षण के आधार पर अब तक आकलित स्वर्ण भंडार इस प्रकार हैं :–

1.	होसुर चैम्पियन ब्लाक	(0.569 मिलियन टन, ग्रेड 3.52 ग्राम/टन)
2.	वन्डाली ब्लाक	(0.656 मिलियन टन, ग्रेड 4.0 ग्राम/टन)
3.	मैसुर खान ब्लाक	(0.23 मिलियन टन, ग्रेड 2.4 ग्राम/टन)
4.	कैम्पिनकोट ब्लाक	(0.65 मिलियन टन, ग्रेड 4.09 ग्राम/टन)
5.	चिगारगुटा (पश्चिम) ब्लाक–I	(0.26 मिलियन टन, ग्रेड 6.22 ग्राम/टन)
6.	चिगारगुटा (पश्चिम) ब्लाक–III	(0.80 मिलियन टन, ग्रेड 3.7 ग्राम/टन)

7.	चिगारगुंटा (पूर्व) ब्लाक–4 व 5	(3.13 मिलियन टन, ग्रेड 4.7 ग्राम/टन)
8.	बिसनाथम, आं० प्र०	(0.04 मिलियन टन, ग्रेड 5.0 ग्राम/टन)

(ख) एम० ई० सी० एल० द्वारा स्थापित भंडार

1.	मलप्पाकोंडा चित्तूर (आं.प्र.)	7.73 लाख टन औसतन 2.73 ग्राम/टन
2.	रामगिरी अनन्तपुर (आं.प्र.)	0.36 लाख टन औसतन 2.05 ग्राम/टन
3.	चिगारगुंटा–III (पश्चिम) I व II स्तर, चित्तूर (आं.प्र.)	3.81 लाख टन औसतन 5.17 ग्राम/टन
4.	चिगारगुंटा ब्लाक–I चित्तूर (आं.प्र.)	6.30 लाख टन औसतन 5.06 ग्राम/टन
5.	चिगारगुंटा ब्लाक–III (प.), तीसरा स्तर, चित्तूर (आं.प्र.)	0.16 लाख टन औसतन 5.06 ग्राम/टन
6.	ग्रोल्ड बिसनाथम, चित्तूर (आं.प्र.)	13.40 लाख टन औसतन 4.03 ग्राम/टन
7.	चिगारगुंटा (पूर्व) चित्तूर (आं.प्र.)	1.35 लाख टन औसतन 5.10 ग्राम/टन
8.	चिगारगुंटा–I (प) फेज–2, चित्तूर (आं.प्र.)	6.20 लाख टन औसतन 7.79 ग्राम/टन
9.	गदाग स्वर्ण क्षेत्र (कर्नाटक) (होसुर चैम्पियन पूर्व तथा होसुर चैम्पियन पश्चिम)	17.2 लाख टन यथा-स्थाने ग्रेड 2.69 ग्राम/टन
10.	हट्टी गोल्ड फील्ड बुदिनी ब्लाक	2.09 लाख टन यथा-स्थाने ग्रेड 2.16 ग्राम/टन
11.	नग्गीहल्ली सिस्ट पट्टी-केम्पिनकोट ब्लाक (बी.जी.एम.एल. की भागीदारी में)	11.3 लाख टन यथा-स्थाने ग्रेड 1.94 ग्राम/टन